हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 सितंबर – 2026 समय 1305 (05 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धान की फसल खरीद के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल बाबैन मार्केट कमेटी कार्यालय में एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुनिच्छित किया जाए कि किसानों को फसल खरीद सीजन के दौरान किसी भी दिक्कत व परेशानी का सामना ना करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल को 21 से 27 सितंबर तक आवेदन के लिए खोला जा रहा है। जिन किसानों के सत्यापन का कार्य शेष है वो एसडीएम के पास अपना आवेदन करें।

इस बैठक में किसान, आढ़ती, व्यापारी, चावल मिल मालिक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग और मंडी प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों की सभी 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है और सब्जी की फसलों पर भावांतर भरपाई योजना का लाभ दिया जा रहा है।

---

हरियाणा राज्य महिला आयोग एवं गुरुग्राम पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुग्राम में दो दिन का संयुक्त अभियान चलाया गया। इन दो दिनों में स्पा सेंटरों की आड़ में कथित अनैतिक गतिविधियों, महिलाओं एवं लड़कियों के शोषण तथा मानव तस्करी से संबंधित सूचनाओं के आधार पर विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई ।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती उषा प्रियदर्शी ने कल गुरुग्राम में एक पत्रकार वार्ता में इन दो दिनों की कार्रवाई की विस्तृत जानकारी साझा की।

श्रीमती उषा प्रियदर्शी ने बताया कि पिछले कुछ समय से आयोग को मौखिक एवं लिखित रूप से लगातार ऐसी शिकायतें एवं सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं कि गुरुग्राम में कुछ स्थानों पर स्पा सेंटर की आड़ में कथित रूप से देह व्यापार, महिलाओं एवं लड़कियों का शोषण तथा अन्य अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक पीड़िता ने आयोग के समक्ष अत्यंत गंभीर तथ्य सामने रखे। उस ने बताया कि नाबालिग अवस्था में ही उसका कथित रूप से शोषण किया गया तथा कुछ व्यक्तियों द्वारा उसे इन गतिविधियों में धकेला गया। पीड़िता द्वारा कुछ व्यक्तियों के नाम भी बताए गए। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए महिला आयोग ने आगे

स्वतः संज्ञान लिया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

कार्रवाई के दौरान सेक्टर-90 स्थित सफायर मॉल से 30 लड़कियों को छुड़ाया गया, जबकि 20 युवकों से पूछताछ की जा रही है। वहीं सेक्टर-38 स्थित एक भवन में 13 युवक और 8 युवतियां संदिग्ध अनैतिक गतिविधियों में पाए गए। गुरुग्राम पुलिस द्वारा कानून अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता, महिला सुरक्षा, महिलाओं के सम्मान तथा सभी नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार के निरंतर सहयोग से हरियाणा राज्य महिला आयोग महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों और सुरक्षा को गंभीरता से ले रहा है।

---

भारतीय वायु सेना ने 4 अक्तूबर को होने वाली 'सेखों भारतीय वायु सेना मैराथन-2026' की तैयारियों के तहत चंडीगढ़ की सुखना झील पर अपनी तीसरी प्रचारात्मक दौड़ का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौड़ में चंडीगढ़, मोहाली और आसपास के क्षेत्रों के 300 से अधिक युवाओं, सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और फिटनेस प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन का उद्देश्य आगामी मैराथन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

यह मैराथन भारत के सर्वोच्च युद्ध कालीन वीरता पुरस्कार 'परमवीर चक्र' से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के साहस और शौर्य को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित की जा रही है।

मुख्य दौड़ में सभी उम्र और फिटनेस स्तर के लोगों के लिए कई श्रेणियां होंगी, जिनमें हाफ मैराथन, 10 किमी ओपन, 5 किमी फिटनेस रन, 3 किमी फन रन और 2 किमी दिव्यांग रन शामिल हैं।

--------------------------------------------------------------------------------

जापान एशियाई खेलों में, भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दो पदक जीते। हिमांशु ढिल्लों ने 252.4 अंक के साथ रजत और रुद्रांक्ष पाटिल ने 230.9 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले, भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था। हिमांशु ढिल्लों, पार्थ माने और रुद्रांक्ष पाटिल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि चीन ने स्वर्ण पदक जीता।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल, पार्थ राकेश माने और हिमांशु ढिल्लों को एशियाई खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। स्वर्ण पदक के लिए भारतीय टीम का मुकाबला कल श्रीलंका से होगा।

--------------------------------------------------------------------------------